>

Title : Need to install India Mark-II handpumps under Rajiv Gandhi National Drinking Water Mission to address the problem of drinking water in Kaushambi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी) : मेरे संसदीय क्षेत्र (कौशाम्बी) उत्तर प्रदेश के पांचों विधान सभाओं में पेयजल का घोर संकट व्याप्त है। जनपद कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र के दो विधान सभा प्रतापगढ़ के कुंडा एवं बाबागंज है। कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र में पेयजल संकट का कारण भूमि का निरंतर गिरता जलस्तर है। मैं मांग करता हूं कि एक केन्द्रीय अध्ययन दल संपूर्ण क्षेत्र का निरीक्षण करके जांच करें ताकि पेयजल संकट से छुटकारा मिल सके। संपूर्ण विधान सभाओं में पेयजल संकट को देखते हुए प्रति विधान सभा एक हजार हैंडपंप लगाए जायें। संपूर्ण कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र में राजीव गांधी पेयजल मिशन या स्वच्छ पेयजल ग्रामीण मिशन के द्वारा पानी की टंकी व 5000 इंडिया मार्क-2 हैंडपंप तत्काल लगाए जायें।